
निरीक्षण

होटल रैनबसेरा में गरुड़ दल ने दी दबिश, मिली कई गड़बड़ियां

# एक्सपायरी डेट की मिली खाद्य सामग्री, गौर नदी में बहा रहे थे गंदा पानी





**नवभारत,जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा गठित गरुड़ दल ने सोमवार को राँझी तहसील के अंतर्गत ग्राम गुरैया स्थित रैनबसेरा रिसॉर्ट में दाबिश देकर आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रिसॉर्ट के किचन में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री रखी पाई गई, जिसे मौके पर ही नष्ट करा दिया है। इसके अलावा रिसॉर्ट से निकलने वाला वॉशरूम और किचन का वेस्टेज पानी बिना किसी ट्रीटमेंट के सीधे गौर नदी में बहाया जा रहा था। तहसीलदार राँझी मौसमी केवट ने बताया कि रिसॉर्ट में गीला और सूखा कचरा, खाद्य अवशिष्ट निस्तारण की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी तहसीलदार ने कहा कि रिसॉर्ट संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में राजस्व विभाग, पुलिस, खाद्य विभाग, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, नगर निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी शामिल थे।

## पानी और खाद्य सामग्री के लिए नमूने

लोक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ट्यूबवेल, आरओ फिल्टर और गौर नदी से पानी के नमूने लिए। साथ ही रिसॉर्ट के डीप फ्रीजर में रखी दो दिन पुरानी दाल मखनी के नमूने भी परीक्षण के लिए लिए गए।

## सुरक्षा और प्रशासनिक गड़बड़ियां

निरीक्षण में यह भी पाया गया कि रिसॉर्ट में आरओ मेंटेनेंस प्रमाण पत्र और टंकी क्लीनिंग रजिस्टर उपलब्ध नहीं थे। अग्निशमन यंत्र संधारित नहीं थे और बिजली के तार अव्यवस्थित थे। गैस सिलेंडर और एमसीबी के ढक्कन की कमी के कारण संभावित हादसे का खतरा बना हुआ था। इसके अलावा कर्मचारियों की सूची और वेतन संबंधी दस्तावेज भी संचालक द्वारा प्रस्तुत नहीं किए गए।

### फ्रिज में एक साथ रखा था वेज-नॉनवेज

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि रिसॉर्ट के फ्रिज में वेज और नॉन-वेज पदार्थ एक साथ रखे हुए थे। भंडार गृह में आटा और शक्कर सीधे जमीन पर रखे हुए थे। साथ ही किचन के आसपास पान और गुटके की पीक से रंगे हुए स्थान और बर्तन धोने के क्षेत्र भी अस्वच्छ पाए गए। खाद्य सामग्री के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स सामान भी रखे गए थे।

महगवां स्थित गिट्टी क्रेशर में हुआ हादसा

## दुपट्टा मशीन में फंसा महिला की मौत

**जबलपुर।** कुंडम थाना अंतर्गत मेहगवां में सोमवार को गिट्टी क्रेशर में काम करते समय एक महिला का दुपट्टा मशीन में फंस गया और महिला मशीन के अंदर चली गई।

जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सोमवार को लोटन सिंह 49 वर्ष निवासी डबरा खुर्द ने सूचना दी कि वह लगभग 2 माह पूर्व से मेहगवां स्थित गिट्टी क्रेशर में काम करता है वहां पर अन्य मजदूर भी काम करते हैं, श्रीमति मीरा बाई बरकड़े 45 वर्ष निवासी डबरा खुर्द भी गिट्टी क्रेशर में काम करती है। सोमवार को सभी मजदूर काम कर रहे थे, मीरा बाई बरकड़े मशीन के साफ्ट के पास गिट्टी हटा रही थी दोपहर लगभग 1-30 बजे काम करते समय मीरा बाई अपने गले में साड़ी का दुपट्टा रखे थी वहीं दुपट्टा मशीन के साफ्ट में फंस गया जिससे मीरा बाई मशीन के साफ्ट में फस कर मशीन के अंदर तक चली गयी थी जिससे मीरा बाई के शरीर में गम्भीर चोटें आईं, मीरा बाई को मशीन से बाहर निकाला, मीरा बाई की मौत हो गई।



## जिले के 20 जलाशयों में मिले 213 दुर्लभ प्रजातियों के जलीय पक्षी

रिवर लैपविंग, ऑस्प्रे कॉमन पोचार्ड डिसर्ट व्हीटर के नाम आए सामने

एशियन जलीय पक्षी गणना 2026 में खुलासा

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर जिले के करीब 20 जलाशयों में 213 दुर्लभ प्रजातियों के जलीय पक्षियों के होने की पुष्टि वन विभाग द्वारा की गई है जिसमें रिवर लैपविंग, पल्लास गुल, सारस, ऑस्प्रे कॉमन पोचार्ड, ऑरेंज ब्रीस्टेड ग्रीन पाईगन, व्हाईट कैप बंटिंग, डिसर्ट व्हीटर, पेरीग्रीन फैकॉन आदि पाए गये हैं। जानकारी के अनुसार वेटलैण्ड इंटरनेशनल अपने भारतीय सहयोगी बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) के साथ मिलकर हर साल एशियाई जलीय पक्षी गणना (एडब्ल्यूसी) आयोजित करता है। इस वर्ष जलीय पक्षी गणना के संचालन के लिये ई-बर्ड इंडिया के साथ साझेदारी की गई एवं मध्यप्रदेश में सुचारू संचालन के लिये वन विभाग का सहयोग लिया गया। एशियन जलीय पक्षी गणना 2026 कार्यक्रम अंतर्गत जबलपुर जिले में विभिन्न चिन्हांकित जलाशय स्थलों, जैसे बरगी डैम, खंदारी जलाशय डुमना, संग्राम सागर तथा हिरन डैम आदि अन्य जलाशयों पर जलीय पक्षियों की गणना की गई है।

### ई-बर्ड एप में लोड की गई जानकारी

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गणना कार्य के दौरान 100 चैकलिस्ट तैयार की गई, जिनमें 213 प्रजातियों की पहचान कर ई-बर्ड एप में जानकारी दर्ज की गई एवं पक्षियों के फोटोग्राफ्स लिये गये। गणना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वेटलेण्ड क्षेत्र में जलीय पक्षियों की आबादी के बारे में वार्षिक आधार पर जानकारी प्राप्त करना है, ताकि स्थलों का मूल्यांकन और आबादी की निगरानी की जा सके।

## सरस्वती घाट में डूबे युवक का शव चार दिन बाद मिला

नर्मदा नदी में नारियल पकड़ने के चक्कर में हुआ था हादसा

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत पंचवटी भेडाघाट के सरस्वती घाट नर्मदा नदी में नारियल पकड़ने के दौरान डूबे युवक का शव चार दिन बाद उतराता मिला। पुलिस के मुताबिक शैलेन्द्र भूमिया 22 वर्ष निवासी खेरमाई मंदिर के पास भेडाघाट पंचवटी ने सूचना दी थी कि मूर्ति घिसाई का काम करता है। 1 जनवरी को वह एवं उसका साथी सूरज भूमिया, गुरू भूमिया, अनिकेत भूमिया, सरस्वती घाट नर्मदा नदी में नहाने गये थे, उसके चाचा बसंत भूमिया 41 वर्ष पंचवटी भेडाघाट के सरस्वती घाट नर्मदा नदी में नारियल पकडने का काम करते हैं जो नदी में नारियल पकड रहे थे, अचानक से नर्मदा नदी के तेज बहाव में बहकर डूब गये। जिनकी तलाश कराई जा रही थी लेकिन सुराग नहीं लग रहा था। सोमवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान सरस्वती घाट के पानी में बंसत भूमिया का शव मिला। जिसे पुलिस ने बाहर निकलवाते हुये मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### इधर लम्हेटा घाट में डूबे युवक का शव मिला

भेड़ाघाट थाना अंतर्गत लम्हेटा घाट में डूबे युवक का शव उतराता मिला। पुलिस के मुताबिक देवकुमार कोल 27 वर्ष पिपरिया बनियाखेडा माढोताल ने बताया कि उसका बडा भाई संदीप कोल 36 वर्ष उसकी दीदी के ससुर की खारी विर्जन में नर्मदा नदी आये थे। नर्मदा नदी में नहाते समय पैर फिसलने से नर्मदा नदी के बहाव के कारण नर्मदा नदी में डूब गया। जिसका शव गोताखोरों ने बरामद कर लिया।

धुएं के छल्ले के साथ धमकी भरा वीडियो हुआ था वायरल

## प्रधान आरक्षक सस्पेंड, आरक्षक लाइन हाजिर




**नवभारत, जबलपुर।** ओमती थाने में पदस्थ दो पुलिस कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की गाज गिर गई है। दरअसल कोतवाली थाना अंतर्गत कमानिया गेट में शुक्रवार रात्रि हुए लाठीचार्ज से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें दो पुलिसकर्मी सिगरेट के धुएं के छल्ले उड़ते हुए अपशब्दों का प्रयोग करते हुए एक पत्रकार को धमकी देते नजर आ रहे थे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। जिसके बाद से पत्रकारों में आक्रोश बढ़ गया । मामले की शिकायत सीधे आईजी से की गई थी जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने एक्शन लेते हुए ओमती थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक जोगिंदर सिंह को निलंबित कर दिया है और आरक्षक हरिओम को लाइन हाजिर किया गया है। इसके साथ ही दोनों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता का कहना है कि वीडियो वायरल होने के बाद मामले में पत्रकार विलोक पाठक द्वारा शिकायत की गई थी जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने एक्शन लेते हुए दोनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई मामले में आगे की जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## कन्या छात्रावास में घुसा संदिग्ध युवक, दहशत में आई छात्राएं

संजीवनी नगर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**नवभारत, जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत गंगानगर कन्या छात्रावास में बीती रात एक संदिग्ध युवक घुस गया। जिससे छात्राएं दहशत में आ गई। पुलिस ने वार्डन की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक श्रीमति शीला शैलवास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे आदिवासी कन्या छात्रावास गंगानगर गढा में वार्डन के पद पर पदस्थ है। छात्रावास में डयूटी पर थे, हास्टल की छात्राओं को भोजन कराकर अपने आफिस छात्रावास में बैठी थी, रात्रि करीब 8.30 बजे रात्रि को छात्रावास की छात्राए जोर जोर से आवाज करने लगी मैडम जल्दी आओ, कमरा नं0 01 में कोई घुसा हुआ है, तब आवाज सुनकर वे एवं एससी सीनियर कन्या छात्रावास की मैडम श्रीमति चंद्रकांता शुक्ला छात्रावास के कमरा नं. 01 तरफ गए तो वहां पर मोबाइल की चार्ट से रोशनी किए, तब वहां से सुनील बर्मन बाहर निकलकर भाग गया, रूम के दरवाजा का कुंदा टूटकर उखडा हुआ था। कमरे के अंदर रखा सामान पेटी बिस्तर का सामान बिखरा हुआ पडा था, छात्रावास के कमरा नं 01 की छात्राएं शीतकालीन अवकाश पर गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर सुनील बर्मन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर प्रकरण दर्ज कर लिया है।



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57